


# पंचदश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-20

शुक्रवार, दिनांक-15 मार्च, 2013 ई० ।

**मानतीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.35 बजे अपराह्न तक ।**

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्प सूचित प्रश्न क्रमांक 38 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 1932 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2554 राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को स्थानान्तरित ।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 2558 का उत्तर स्थगित हुआ ।

(vii) 143 तारांकित प्रश्न अनागत ।

"माननीय नेता प्रतिपक्ष के अनुरोध पर आसन द्वारा माननीय सदस्य श्री सोम प्रकाश सिंह से अनशन समाप्त कर सदन में आने का अनुरोध किया गया और माननीय सदस्य अपनी सीट पर आ गए ।"

[2] कार्यस्थगन :-

आज दिनांक 15.03.2013 के लिए प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ii) श्री चन्द्रशेखर

(iii) श्री सबा जफर

(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(v) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(vi) श्री संतोष कुमार निराला

(vii) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

(viii) श्री संजय सिंह टाइगर

(ix) श्री राजेश्वर राज — (x) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(xi) श्री गोपालजी ठाकुर — (xii) श्रीमती वीणा देवी
(xiii) श्रीमती भागीरथी देवी — (xiv) श्री जनक सिंह
(xv) श्री रामानंद राम

"माननीय सदस्य श्री सोम प्रकाश सिंह द्वारा होमगार्ड की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया, जिसका संज्ञान सरकार द्वारा लिये जाने का निदेश आसन से दिया गया ।"

[4] **ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री सुमित कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 01 मार्च, 6 मार्च एवं 11 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री (डॉ०) दाऊद अली एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 06 मार्च एवं 8 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार एवं अन्य सभासदों का सहकारिता विभाग से संबंधित दिनांक 13 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर स्थगित हुआ ।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) वाणिज्य कर विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा अधिसूचना संख्या-एस०ओ०-217, दिनांक 27.11.2012; एस०ओ०-215, दिनांक 27.11.2012 तथा एस०ओ०-119, दिनांक 13.02.2013 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि ये अधिसूचनाएँ 14 दिनों तक सदन पटल पर रखा रहेगा ।

(ii) माननीय सभापति, गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प सह पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति श्री राम प्रवेश राय द्वारा समिति का 5वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

[6] **वित्तीय कार्य :-(i) वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन:-**

मा० प्रभारी मंत्री वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक से सम्बंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।**

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**(ii) वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री पर्यटन विभाग श्री सुनील कुमार उर्फ पिंटू द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि द्वारा सरकार की पर्यटन नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री श्रवण कुमार — (ii) श्री भाई वीरेन्द्र
(iii) श्री विनय कुमार सिंह — (iv) श्री मो० जावेद
(v) श्री श्याम बिहारी राम — (vi) श्री विजय कुमार सिन्हा
(vii) श्रीमती पूर्णिमा यादव — (viii) श्री संजय सरावगी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्री रामदेव महतो

इस दरम्यान माननीय सदस्य श्री सोम प्रकाश सिंह अपनी मांग को लेकर सदन के वेल में आकर बैठ गये । आसन द्वारा उनसे बार-बार अपने सीट पर जाने के अनुरोध के बावजूद वे वेल में बैठे रहे । अंततः माननीय सदस्य को सदन से मार्शल के द्वारा बाहर कर दिया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री पर्यटन विभाग श्री सुनील कुमार उर्फ पिंटू द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरांत सदन द्वारा माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 29 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

"शोक प्रकाश के दौरान राजद के माननीय सदस्यगण सदन में वापस आ गए"

[8] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्व० मो० अजीमुद्दीन, पूर्व मंत्री के निधन पर शोक-प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवारों के पास भेज दिए जाएँ ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 18 मार्च, 2013 के 11.00 बजे पूर्वाहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-15.03.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।